PUBLICATION	EDITION	DATE
Pal Pal	Chandigarh	09/04/2017

'कामधेनु नेक्स्ट' नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील

चंडीगढ़। निर्माण के लिए इस्पात के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करते हुए कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार कामधेनु नेक्स्ट को बाज़ार में पेश किया। बेजोड़ मज़बूती, बेहतर क्षमता वाला कामधेनु (कामधेनु नेक्स्ट) डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म है जिसे कंपनी ने काफी आर एंड डी के बाद बाज़ार में उतारा है। कंक्रीट को अन्य सरिये के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला कामधेनु नेक्स्ट सभी मानकों पर खरा है। कामधेनु नेक्स्ट भूकंप में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की जरूरत बनती जा रही है और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में टीएमटी सरिया की भूमिका अहम होती है, जितनी बेहतर इंटरलॉकिंग होगी इमारत उतनी ही टिकाऊ होगी। इसी के तहत कामधेनु नेक्स्ट को कंपनी ने काफी अनुसंधान के बाद विकसित किया है। कंपनी ने इस इंटरलॉक स्टील को बीएसआई मानकों से भी बेहतर बनाया है जिससे बेहतरीन मज़बूती और लचीलापन मिलता है। इसकी डबल रिब इंटरलॉक क्षमता कंक्रीट के साथ अढ़ाई गुना बेहतर पकड़ बनाकर निर्माण को सुरक्षात्मक मजबूती प्रदान करती है साथ ही इसका लचीलापन निर्माण को गति देता है और गगनचुंबी व आधारभूत ढांचों को मजबूती। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा हाँ हम अपने इस्पात उत्पादों के निर्माण के लिए नई तकनीक और अनुसंधान पर जोर देते हैं ताकि उन्नत और बेहतर उत्पाद को हम बाज़ार में पेश कर सके। कामधेनु नेक्स्ट उन्हीं अनुसंधानों का परिणाम है। क्षमता के अनुसार यह अगली पीढ़ी का नया टीएमटी सरिया है। उन्होंने बताया कि कामधेनु के उत्पादों का कुल ब्रांड कारोबार 8,000 करोड़ रुपये से अधिक है। देशभर में कामधेनु की 60 से अधिक फ्रैंचाइजी निर्माण इकाइयां हैं। कंपनी के पूरे देश में पेंट क्षेत्र में 4000 और स्टील के 4500 डीलर एवं वितरक फैले हुए हैं।